नई सोच, नया आयाम
RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 294 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, गुरुवार 1 सितंबर 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for

पेज -3 पर
मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुरूप सुकमा जिला में छिंदगढ़ ...

धर्मांतरण को संरक्षण, कांग्रेस के हिन्दू विरोधी मानसिकता .... पेज -4 पर

## मेडरमार में चल रहे अवैध शराब भट्ठी पर कब होगी कार्यवाही ?

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने जिले में चल रहे अवैध कारोबारियों पर रोक लगाने का सख्त निर्देश अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को दिया है। जिसके बाद से जिले में अवैध कारोबार में कुछ हद तक रोक लगा है। अवैध कारोबारियों पर पुलिस की कार्यवाही से अवैध कार्य करने वालों का कमर टूटने लगे हैं।

**अवैध शराब का गढ़ मेडरमार**

लेकिन एक बात समझ से परे हैं कि मेडरमार कॉलोनी में चल रहे अवैध कच्ची शराब पर कार्यवाही कब होगी। मेडरमार कालोनी में खुलेआम अवैध शराब का कारोबार लंबे समय से चला आ रहा है। ऐसा लगता है आबकारी विभाग और अवैध शराब बिक्रेता के साथ मधुर संबंध होने के कारण इनके ऊपर कार्यवाही नहीं करते हैं। मेडरमार में चल रहे अवैध कच्ची शराब की बिक्री की शिकायत कई बार ग्रामीणों ने की है लेकिन ग्रामीणों की शिकायत को अधिकारी-कर्मचारी कचरे के ढेर में रखकर अवैध शराब बेचने वालों का साथ दे रहे हैं। समाचार के माध्यम से स्थानीय प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि मेडरमार में चल रहे अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाये। अगर मेडरमार कॉलोनी में चल रहे अवैध कच्ची शराब की बिक्री पर रोक नहीं लगाते हैं तो आने वाले दिनों में मेडरमारवासियों द्वारा स्थानीय प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

# रिसॉर्ट पॉलिटिक्स पर भिड़े सीएम-पूर्व सीएम

### रमन सिंह ने कहा-छत्तीसगढ़ अय्याशी का अड्डा नहीं; बघेल बोले-भाजपा उठा ले गई थी, तो क्यों चुप थे



**रायपुर।** झारखंड के विधायकों को रायपुर के एक रिसॉर्ट में ठहराकर आवाभगत से छत्तीसगढ़ की राजनीति गर्म है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री को चुनौती देने वाले अंदाज में कहा है कि छत्तीसगढ़ को अय्याशी का अड्डा मत बनाइए। वहीं बुधवार सुबह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा, जब भाजपा दूसरे दलों के विधायकों को उठाकर ले जा रही थी तो रमन सिंह चुप क्यों थे?

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के सीनियर ऑब्जर्वर के तौर पर कांग्रेस की बैठक लेने शिमला रवाना हुए हैं। दिन भर की बैठकों के बाद उनके शाम तक रायपुर लौट आने का कार्यक्रम है। रायपुर हवाई अड्डे पर रवाना होने से पहले उन्होंने डॉ. रमन सिंह के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, डॉ. रमन सिंह को यह देखना चाहिए कि कर्नाटक के विधायक, महाराष्ट्र के विधायक, राजस्थान के विधायक ,मध्यप्रदेश के विधायक, दूसरी पार्टी के विधायक जब उठा उठाकर ले गए तब उनकी बोलती बंद क्यों थी? वो चुप क्यों थे? उस समय बोलना था! ये तो हमारी पार्टी के लोग हैं। हमारे गठबंधन के लोग हैं। इसमें उनको तकलीफ क्यों हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, उनको (डॉ. रमन सिंह को) तकलीफ हो रही है क्योंकि अगर खुला छोड़ देते तो वो वहां खरीद फरोख्त करते। मुख्यमंत्री ने कहा, अन्य राज्यों में जब खरीद फरोख्त हो रही थी डॉ. रमन सिंह चुप क्यों थे? जिस प्रकार से महाराष्ट्र में बात चल रही है पचास खोखा,झारखंड में बात चल रही है बीस-बीस खोखा रमन सिंह जी उसका जवाब दें। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा हार्स ट्रेडिंग कर रही है। उसकी वजह से झारखंड के विधायकों को छत्तीसगढ़ लाया गया है।

दरअसल मंगलवार को आबकारी विभाग की एक गाड़ी से नवा रायपुर के मेफेयर रिसार्ट में शराब भेजे जाने का मामला सामने आया था। झारखंड के विधायकों को उसी रिसॉर्ट में ठहराया जाना था। इसी से जोड़कर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की। उन्होंने लिखा, भूपेश जी कान खोलकर सुन लीजिए! छत्तीसगढ़ अय्याशी का अड्डा नहीं है, जो छत्तीसगढ़ियों के पैसे से झारखंड के विधायकों को दारू-मुर्गा खिला रहे हैं। असम, हरियाणा के बाद अब झारखंड के विधायको का डेरा। इन अनैतिक कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ महतारी आपको कभी माफ नहीं करेगी।

झारखंड में सत्ताधारी महागठबंधन के 32 विधायकों सहित 41 नेता मंगलवार शाम रायपुर पहुंचे हैं। उन्हें नवा रायपुर के मेफेयर रिसॉर्ट में ठहराया गया है। ऑफिस ऑफ प्राफिट के एक मामले में निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की सिफारिश की है।

## एक नजर

### बस्तर से सागौन तस्करी



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में बेशकीमती लकड़ियों की अवैध तस्करी का सिलसिला लगातार जारी है। बस्तर जिले में वन विभाग की टीम ने 54 नग सागौन चिरान जब्त किया है। जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। पिकअप वाहन से चिरान लड़की की तस्करी की जा रही थी। मौके पर दबिश देकर वन विभाग ने कार्रवाई की है। हालांकि, गाड़ी का ड्राइवर कर्मचारियों को चकमा देकर भाग निकला है। जानकारी के मुताबिक, वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बनियागांव में जंगल के रास्ते देर रात लकड़ी की तस्करी की जानी है। इसी सूचना के आधार पर वन विभाग की करीब 4 से 5 सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची। टीम के सदस्य मौके पर घात लगाकर बैठे हुए थे। कुछ देर के बाद एक पिकअप वाहन पहुंची, जिसे टीम ने रुकवाया। हालांकि, वन कर्मियों को देखकर चालक गाड़ी खड़ी कर जंगल की तरफ भाग निकला। जिसके बाद पिकअप की जब तलाशी ली गई तो उसमें से लाखों रुपए का चिरान भरा हुआ मिला। वन कर्मियों ने पिकअप को भानपुरी वन परिक्षेत्र कार्यालय लाया।

बस्तर के कांग्रेस नेता महंगाई के खिलाफ जाएंगे दिल्ली

## 4 सितंबर को प्रदर्शन, संसदीय सचिव बोले-महंगाई को पाल पोस रही केंद्र सरकार

**जगदलपुर।** देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ बस्तर के कांग्रेस नेता 4 सितंबर को केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में हल्ला बोल करेंगे। केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ रैली निकाली जाएगी। केंद्र की नाकामियों को पूरे देश को बताया जाएगा। बुधवार को संसदीय सचिव और जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन, कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ने इसकी जानकारी दी है।



संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि, साल 2014 से पहले भाजपा जिस महंगाई को डायन बताती थी आज उसी को पाल पोस रही है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट में खुलासा

# छत्तीसगढ़ में दुर्घटना मृत्युदर देश में सबसे ज्यादा, 41% मरने वाले 30 साल से कम के

रायपुर। देश में सबसे ज्यादा आकस्मिक मौतें छत्तीसगढ़ में हो रही है। एक लाख की जनसंख्या पर देश में आकस्मिक मौतों का राष्ट्रीय औसत 29.1 है जबकि छत्तीसगढ़ में यह 59.2 है।

डेथ रेट के मामले में छत्तीसगढ़ के बाद पुदुच्चेरी, अंडमान एवं निकोबार, हरियाणा, लद्दाख, मप्र, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल और केरल हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में एक्सीडेंटल डेथ के मामलों में से 41त्न 30 साल से कम उम्र के युवा हैं। लड़कियों से तीन गुना ज्यादा मौतें लड़कों की हुई हैं। बता दें कि राज्य में पिछले साल 17,525 मौतें हुईं थीं।



### पिछले साल के मुकाबले 12.6 फीसदी की कमी

पिछले साल के मुकाबले राज्य में आकस्मिक मौतों के प्रतिशत में 12.6 प्रतिशत की कमी आई है। सबसे अधिक कमी दिल्ली में 22.6 प्रतिशत दर्ज की गई। दूसरे नंबर पर छत्तीसगढ़ है। तीसरे नंबर पर असम 7.9 प्रतिशत की कमी आई है। मौतों के मामले देश में सर्वाधिक तमिलनाडु 53.8 प्रतिशत बढ़े हैं। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है, यहां मौत के आंकड़ों में 15.2 की वृद्धि हुई है।

### प्रदेश में 3 साल में घटे अपराध, अन्य राज्यों में ज्यादा क्राइम

छत्तीसगढ़ में एक भी बाल मजदूर नहीं है। पिछले तीन साल में किडनी-लीवर जैसे किसी भी महत्वपूर्ण अंगों की तस्करी की एक भी घटना सामने नहीं आई है। देश के दूसरे राज्यों में स्थिति उलट है। वहां अंगों की तस्करी बढ़ी है। इसमें तेलंगाना सबसे आगे हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार पड़ोसी राज्यों मप्र, यूपी, बिहार, महाराष्ट्र की तुलना में छत्तीसगढ़ में दूसरे अपराध भी कम हुए हैं। एनसीआरबी ने सोमवार को देश के 28 राज्य और 8 केंद्र शासित राज्यों में पिछले साल की आपराधिक घटनाओं के आंकड़े जारी किए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ की स्थिति में काफी सुधार बताया गया है। 2018 में दुष्कर्म के मामलों में छत्तीसगढ़ देश में 5वें नंबर का राज्य था। अब 11वें नंबर पर आ गया है, अर्थात दुष्कर्म की घटनाओं में कमी आई है।

## सीएम बघेल बोले- इलेक्शन कमीशन का भेजा लिफाफा खुल नहीं रहा, मतलब कुछ पक रहा

रायपुर। झारखंड में खड़े हुए राजनीतिक संकट को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हॉर्स ट्रेडिंग कर रही है। इलेक्शन कमीशन ने कोई पत्र दिया है। एक सप्ताह हो गया है राजभवन से लिफाफा खुल ही नहीं रहा है।

इसका मतलब है कि भीतरखाने कुछ पक रहा है। ऐसी स्थिति में विधायकों की सुरक्षा के लिए यहां लाए हैं। मुख्यमंत्री बुधवार सुबह शिमला रवाना होने से पहले रायपुर हवाई अड्डे पर प्रेस से बात कर रहे थे।

इससे पहले मुख्यमंत्री मंगलवार देर रात नवा रायपुर स्थित मेफेयर रिसॉर्ट में झारखंड के नेताओं से मिलने पहुंचे थे। वहां उन्होंने झारखंड के मौजूदा संकट पर बात की। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश



अध्यक्ष राजेश ठाकुर और मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि वे सभी एकजुट हैं। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार को कोई खतरा नहीं है। यहां रिसॉर्ट में झारखंड की सत्ताधारी महागठबंधन के 32 मंत्री और विधायक डेरा डाले हुए हैं।

इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को कहीं भी विपक्षी दलों की सरकार खटक रही है। उसे गिराने के लिए वे हर संभव कोशिश में हैं। सभी को एकजुट रहने की जरूरत है। तभी उनकी चाल का मुकाबला किया जा सकता है। मुख्यमंत्री कुछ देर की बातचीत के बाद वापस लौट आए थे।

**बैठक...** नियम अनुसार प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

# शासन की नई स्थानांतरण नीति पर गृहमंत्री ने की चर्चा

**रायपुर।** लोक निर्माण, गृह, जेल, पर्यटन एवं कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने आज कोरिया जिला प्रवास पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के जिले में क्रियान्वयन की जानकारी लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से शासन की नई स्थानांतरण नीति पर चर्चा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों को स्थानांतरण नीति के नियमों की विस्तार से जानकारी दी और नियम अनुसार जिला स्तरीय स्थानांतरण के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री साहू ने कहा कि सभी प्रस्ताव नई स्थानांतरण नीति में उल्लेखित नियमों के आधार पर होने चाहिए। वरीयता क्रम एवं ट्रांसफर प्रतिशत के संबंध में भी उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यों पर जिले की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत सुपोषण टिफिन की पहल की जानकारी दी जिसे प्रभारी मंत्री ने भी जाना और सराहा। इसी तरह कलेक्टर ने कृष्ण कुंज, जिले में अल्प व अति वृष्टि की स्थिति, गोधन न्याय योजना, गिरदावरी, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, सी मार्ट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, धन्वंतरि मेडिकल स्टोर, आश्रम-छात्रावासों के शत-प्रतिशत निरीक्षण की जानकारी दी। बैठक में संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्री गुलाब कमरो, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन के संचालक एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, महापौर चिरमिरी श्रीमती कंचन जायसवाल, कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा, एसपी श्री त्रिलोक बंसल, ओएसडी श्री पीएस ध्रुव, वनमंडल अधिकारी बैकुंठपुर श्री एम्यूतेम्सु आओ, वनमंडल अधिकारी मनेन्द्रगढ़ श्री लोकनाथ पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुणाल दुदावत के साथ ही बैठक में कोरिया जिले के सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।




### कोरिया जिले में शासकीय योजनाओं और कार्यों की प्रगति की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

प्रभारी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू की उपस्थिति में जिला स्तरीय अधिकारियों की हुई समीक्षा बैठक

# छत्तीसगढ़ में इस सप्ताह से 31 जिले

### 2-3 सितंबर को सीएम करेंगे मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का उद्घाटन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में इस सप्ताह 31 जिले हो जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दो और तीन सितम्बर को भव्य समारोह में मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों का उद्घाटन करने वाले हैं। प्रशासन ने इन आयोजनों में भीड़ जुटाने, मुख्यमंत्री को धन्यवाद देती तख्तियां लहराने और मुख्यमंत्री के समर्थन में नारेबाजी कराने की जिम्मेदारी छोटे-बड़े अफसरों को सौंपी है। इसके लिए बाकायदा लिखित आदेश जारी कर एक-एक अफसर की ड्यूटी तय की गई है। मुख्यमंत्री का जो कार्यक्रम तय हुआ है उसके मुताबिक 2



सितम्बर को दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मोहला के मिनी स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के 28वें जिले 'मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी' का शुभारंभ करेंगे।

*3 सितम्बर को ही दोपहर एक बजे खैरागढ़ स्थित राजा फतेह सिंह खेल मैदान में छत्तीसगढ़ के नवगठित 31वें जिले के तौर पर 'खैरागढ़-छुईखदान-गंडई' का शुभारंभ होना है। यहां समारोह की अध्यक्षता खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत करने वाले हैं। नवगठित जिलों के शुभारंभ के अवसर पर मंत्रीगण सहित सांसद तथा विधायकगण और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस समारोह के लिए प्रशासन पिछले 15-20 दिनों से तैयारियों में जुटा हुआ है। इसके लिए विभिन्न स्तर के अफसरों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।*

